


# सांध्य दैनिक 4PM



खुद वो बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।

-महात्मा गांधी

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 8 ● अंक: 306 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शनिवार, 17 दिसम्बर, 2022



गुजरात में 'आप' ने बिगाड़ा खेल... 7 | फिर से 'साइकिल' पर सवार... 3 | मजबूत और जिताऊ पर ही नगर... 2


# बिलावल पर 'भारत' में बवाल

## भाजपा ने फूंका 'पाक' का झंडा

### प्रधानमंत्री मोदी को गुजरात का कसाई बताने पर उबले भाजपाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के आपत्तिजनक बयान पर भारत में बवाल हो गया। शानिवार को देशभर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन करते हुए भाजपाईयों की भीड़ ने भुट्टो का पुतला फूंका और पाकिस्तान का झंडा भी जलाया। वहीं बीजेपी ने बिलावल के बयान पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उत्तर प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों में भी विरोध प्रदर्शन का बड़ा असर दिखाई दिया।**

यूपी में राजधानी लखनऊ, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, मेरठ, उन्नाव समेत प्रदेश के सभी जिलों से पाकिस्तान के खिलफ प्रदर्शन की खबर सामने आई है। वहीं यूपी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पाक विदेश मंत्री के बयान की तीखे शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है। पाकिस्तान और अराजकता एक दूसरे के पूरक बन गए है। हर मोर्चे पर विफल पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्री द्वारा भारत के प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी से आक्रोशित बीजेपी कार्यकर्ता हजरतगंज चौराहे पर सुबह से ही एकत्र होने लगे थे। वहीं बिलावट भुट्टो मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों के साथ पाकिस्तानी विदेश मंत्री के पुतले पर जूते बरसाये और आग लगा दी। इसके अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, दिल्ली, उत्तराखंड, बिहार, बंगाल, कर्नाटक में भाजपाईयों ने बड़ी संख्या में विरोध प्रदर्शन कर पाकिस्तान के खिलाफ हल्ला बोला।









पाकिस्तान के विदेश मंत्री भुट्टों ने दिया था पीएम मोदी पर विवादित बयान

### भीड़ ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे

बिलावल भुट्टो के विवादित बयान के विरोध में गोरखपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष देखा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में हाथों में तख्तियां लेकर भुट्टो और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नगर निगम से पर्यटन विभाग तक पैदल मार्च यात्रा की। वहीं लखीमपुर खीरी के सदर चौराहे पर भुट्टो का पुतला फूंका गया। उन्नाव में भी पाकिस्तान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगे, बीजेपी पदाधिकारियों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका गया।

### न्यूयॉर्क में बोला गया आपत्तिजनक वक्तव्य

न्यूयॉर्क में एक प्रेसवार्ता के दौरान गुरुवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर व्यक्तिगत और अभद्र टिप्पणी की। भुट्टो ने कहा कि ओसामा बिन लादेन तो मारा गया, लेकिन गुजरात का कसाई जिंदा है। आगे कि वह भारत का प्रधानमंत्री है। भुट्टो यही नहीं रुका आगे उसने कहा कि पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भारत का नहीं, आरएसएस का प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री बताया। इसी बयान के बाद से भारत में बिलावल भुट्टो के खिलाफ रोष बढ़ रहा है।

## मुख्तार की 8 करोड़ की संपत्ति कुर्क

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। प्रदेश में संगठित गिरोह और माफियाओं के खिलाफ शिकंजा जारी है। सीएम योगी के नेतृत्व में लगातार मुख्तार अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आज हजरतगंज कोतवाली के अंतर्गत डालीबाग स्थित दो प्लॉट पर कुर्की की कार्रवाई गई है।**




गाजीपुर और हजरतगंज पुलिस की मौजूदगी में करीब 8 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की गई। पुलिस के मुताबिक मुख्तार अंसारी ने अपनी मां राबिया खातून उर्फ राबिया बेगम और फहमीना अंसारी के नाम पर दोनों भूखंड खरीद लिए थे। मोहमदाबाद सीओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि गैंगस्टर एक्ट, बेनामी संपत्तिय पर कुर्की की कार्रवाई की गई है। मुख्तार ने अवैध रूप से धन अर्जित कर इन संपत्तियों को खरीदा था।

## 'भाईचारा जिंदाबाद' पर रालोद-प्रशासन में ठनी

### » खतौली में रविवार को प्रस्तावित है सम्मेलन पर नहीं मिली अनुमति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। रविवार को होने वाली रालोद की भाईचारा जिंदाबाद रैली पर प्रशासन ने अनुमति का अड़ंगा लगा दिया है। उधर सम्मेलन करने को लेकर राष्ट्रीय लोकदल अड़ गया है। ऐसे में जिला प्रशासन और रालोद आमने-सामने हो गए हैं।**

गौरतलब है कि खतौली उपचुनाव में सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी मदन भईया ने




भाजपा उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज की थी। यहां रालोद ने भाजपा की राजकुमारी सैनी को 22 हजार से अधिक मतों के अंतर से हराया। रालोद की इस जीत के बाद से भाजपा में मातम का माहौल है। पहले नवनिर्वाचित विधायक मदन भईया को प्रशासन ने धारा 144 लागू होने की बात कहकर खतौली में नहीं घुसने दिया था। अब प्रशासन ने 18 दिसम्बर को प्रस्तावित रालोद की भाईचारा जिंदाबाद रैली की अनुमति न देकर जिले के माहौल को फिर से गरमा दिया है। रालोद के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कुलदीप उज्ज्वल का कहना है कि भाजपा हार नहीं पचा पा रही है। जिले में न धारा 144 लागू है और न ही अचार संहिता लगी हुई है फिर भी प्रशासन तानाशाही रवैया अपनाते हुए सरकार की कठपुतली बनकर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्धारित दिन और दिनांक को ही भाईचारा जिंदाबाद सम्मेलन होगा और जयंत चौधरी उसमें शिरकत करेंगे।

# मजबूत और जिताऊ पर ही नगर निकाय चुनाव में दांव खेलेगी सपा

» सपा प्रमुख ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बताया बदहाल

» बहुत हुई महंगाई की मार, अब वापस जाएगी मोदी सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय पर नगर निकाय चुनाव के दावेदारों से मिले। उन्होंने कार्यकर्ताओं व नेताओं की बात सुनी और समस्या लेकर आए आम लोगों का दर्द भी सुना। उप चुनाव के बाद अखिलेश यादव पहली बार सपा मुख्यालय पहुंचे।

निकाय चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान तमाम नगर पालिकाओं व नगर निगमों से आए सपा नेताओं ने उनके सामने अपनी बात और स्थानीय अंतर विरोध भी रखे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि जिताऊ प्रत्याशी को ही टिकट दिया जाएगा। दावेदार कोई भी हो सकता है, लेकिन एक बार पार्टी जिसे टिकट दे दे, फिर सभी कार्यकर्ता उसे जी-जान से चुनाव लड़ाएं। अखिलेश ने स्वास्थ्य सेवाओं को दयनीय बताते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों पर मंत्री की छापेमारी का कहीं कोई असर नहीं दिख रहा है। आम आदमी अब सरकारी अस्पतालों में जाने से डरने लगा है। वहीं अखिलेश के सामने बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा ने सपा की सदस्यता ली। उन्होंने सपा नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए पार्टी की मजबूती के लिए काम करने का संकल्प व्यक्त किया। अखिलेश मैनपुरी चुनाव में मिली जीत के बाद पहली बार लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय पहुंचे, तो बधाई देने वालों का तांता लग गया। निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता भी सपा दफ्तर पहुंचे थे।सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने अखिलेश के प्रधानमंत्री बनने की भी भविष्यवाणी कर दी। उन्होंने कहा कि बहुत हुई मंगाई की मार, अब वापस जाएगी मोदी सरकार।



## सपा विधायक ने की अखिलेश के पीएम बनने की भविष्यवाणी

लखनऊ। सपा विधायक ने दावा किया कि 2024 में सपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उन्होंने कहा अखिलेश यादव देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। सपा विधायक ने शिवपाल यादव की प्रसपा का सपा में विलय करने के फैसले का भी स्वागत किया है। रविदास ने शिवपाल यादव को बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देने की बात कही है। लखनऊ मध्य से सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि अखिलेश यादव की पहल पर देश में तीसरा मोर्चा बन रहा है, ताकि 2024 में गैर भाजपाई सरकार बने। उन्होंने कहा कि हम लोग भाजपा के विरोधी वोटों के बंटवारे को रोकना चाहते हैं, इसलिए हम तीसरा मोर्चा बनाकर 2024 में केंद्र में गैर भाजपाई सरकार बनाने की तैयारी में जुटे हैं। भाजपा सरकार में जनता बदहाल है, महंगाई से सब परेशान है।

### वसुंधरा का कांग्रेस पर पलटवार

# राहुल को नहीं राजस्थान के लोगों को मुंह दिखाने का हक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



जयपुर। भारत जोड़ो यात्रा के सौ दिन पूरे होने पर राहुल गांधी ने प्रेसवर्ता कर बीजेपी और आरएसएस पर जबरदस्त हमला बोला। अब राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने राहुल गांधी पर पलटवार किया है। राजे ने कहा कि राहुल गांधी को तो राजस्थान के लोगों को मुंह दिखाने का भी हक नहीं है। इस दौरान वसुंधरा राजे ने गहलोत सरकार के कुशासन और राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अंतर्द्वंद की शिकार कांग्रेस सरकार के लिए राहुल गांधी कह रहे हैं कि कांग्रेस में कोई क्लेश नहीं है। वे बताएं कि क्लेश नहीं होता तो वे होटलों में क्यों बंद रहते?

पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने कहा कि राहुल गांधी को तो राजस्थान के लोगों को मुंह दिखाने का भी हक नहीं है। वे भारत जोड़ने वाले नहीं, वादा तोड़ने वाले हैं। वे पहले किसानों का 10 दिन में संपूर्ण कर्जा माफ करने का वादा पूरा करते, फिर यहां आते। ताकि जनता उन पर कुछ विश्वास जता पाती। राजे ने कहा कि राहुल ने चुनाव से पहले कहा था कि जो जनता की नहीं सुनेगा, चाहे कितना ही बड़ा नेता क्यों न हो, उसे सरकार से बाहर कर दूंगा। यहां तो मंत्रियों व विधायकों की भी सुनवाई नहीं हो रही, जनता तो दूर की बात है। राहुल गांधी पर तंज करते हुए वसुंधरा राजे ने कहा कि जो राजस्थान में अपनी पार्टी को नहीं जोड़ सकते वो भारत जोड़ने चले हैं। गहलोत सरकार पर हमला बोलते हुए वसुंधरा राजे ने कहा कि गहलोत सरकार प्रदेश के विकास और जनता की सेवा का अपना फर्ज भूल गई है।

# पदाधिकारी के परिवार को नहीं मिलेगा टिकट : भूपेंद्र चौधरी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। निकाय चुनाव को लेकर अपनी रणनीति बनाने में जुटी भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पार्टी की पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि यह समाजवादी पार्टी है, जो जनता के बीच में नहीं जाती, इसलिए चुनाव को लेकर गंभीर नहीं है। हाईकोर्ट के आदेश का इंतजार है, उसके बाद बीजेपी पूरी ताकत से चुनाव में उतरेगी।



चौधरी ने कहा कि प्रत्याशियों के चयन को लेकर स्क्रीनिंग कमेटी बनाई गई है। पार्टी मेरिट के आधार पर प्रत्याशी का चुनाव होगा। परिवारवाद के खिलाफ पार्टी लंबे समय से रही है। किसी भी पदाधिकारी के परिवार के सदस्य को पार्टी टिकट नहीं देगी, पार्टी हर तबके को मौका देगी और इसके लिए तैयारी पहले से ही चल रही है। अपर्णा यादव के लखनऊ महापौर के सवाल पर भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वह लगातार पार्टी से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखती रही हैं। पार्टी को जहां भी जरूरत होगी, वैसा निर्णय लिया जाएगा।

# 'भारत जोड़ो' यात्रा ले चुकी है राष्ट्रीय जनांदोलन का रूप : खरगे

» पिछले 8 सालों से बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रहा देश

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी नेता राहुल गांधी को 'भारत जोड़ो यात्रा' के 100 दिन पूरे होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस यात्रा ने राष्ट्रीय जन आंदोलन का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि यात्रा शुक्रवार को 100 दिन पूरे कर एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित हो गई है।



खरगे ने यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर एक वीडियो संदेश में कहा कि मैंने इस अवसर पर राहुल गांधी को बधाई दी। भारत जोड़ो यात्रा को लाखों लोगों का समर्थन और विश्वास मिल रहा है। यात्रा में हम युवाओं, किसानों, समाज के दबे-कुचले वर्गों, महिलाओं और पूर्व सैनिकों से सीधे संवाद कर रहे हैं। यात्रा मुख्य रूप से तीन मुद्दों पर देश को एकजुट कर रही है, अनुसूचित जातियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते अत्याचारों के मद्देनजर समाज में फैलाई जा रही नफरत के खिलाफ है। कांग्रेस इन अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठा रही है। पिछले आठ सालों में देश बेरोजगारी और कमर तोड़ महंगाई से जूझ रहा है। कांग्रेस इसे लेकर लोगों से सुझाव ले रही है ताकि पार्टी 2024 में देश के लिए अपना आर्थिक एजेंडा तैयार कर सकें। देश में राजनीतिक तानाशाही का जो दौर आया है और सत्ता की भूखी भाजपा ने जिस तरह संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर दिया है, हर व्यक्ति अब इसके खिलाफ बोल रहा है।

## बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी




# शराब से मरने वालों को मुआवजा नहीं देगी नीतीश कुमार की सरकार

» भाजपा शासित यूपी-हरियाणा से हो रही शराब की सप्लाई : तेजस्वी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। बिहार में जहरीली शराब से होने वाली मौतों को लेकर राज्य में हंगामा मचा हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहले ही साफ कर चुके हैं कि अगर कोई व्यक्ति जहरीली शराब के सेवन से मरता है तो उसे मुआवजा नहीं दिया जाएगा। मुख्यमंत्री की टिप्पणी छपरा जिले में बढ़ती जहरीली शराब से मौतों के मद्देनजर भाजपा के नेतृत्व में विपक्ष की कड़ी आलोचना के बीच आई है।

वहीं इस घटना पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से सियासत भी लगातार जारी है। इस बीच राज्य के उपमुख्मंत्री तेजस्वी यादव ने शराब माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात कही। साथ ही उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में ज्यादातर शराब की आपूर्ति उत्तर प्रदेश और हरियाणा से हो रही है। दोनों ही राज्यों में भाजपा की सरकार है। यह पता चला कि एलओपी वी सिन्हा के घर से 108 कार्टन शराब की बोतलें बरामद की गई हैं।




# फिर से 'साइकिल' पर सवार होने की छटपटाहट में दिख रहे छोटे सियासी दल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। यूपी उपचुनाव में मिली सफलता के बाद समाजवादी पार्टी के हौसले काफी बुलंद हैं। वहीं ये जीत प्रदेश में उसके सियासी जीवन के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है। दरअसल, पहले 2019 लोकसभा और उसके बाद 2022 के विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद प्रदेश में सपा की राजनीति और रणनीति पर भी सवाल उठने लगे थे। ऐसे में खतौली विधानसभा और मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में मिली शानदार जीत के बाद अब सपा को सियासी संजीवनी मिल गई है। वहीं इस जीत से सपा के लिए कुछ और भी सकारात्मक पहलू सामने आए हैं। जैसे लगभग पांच साल बाद चाचा शिवपाल सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक बार फिर भतीजे के साथ आ गए हैं, तो वहीं अखिलेश और जयंत चौधरी की जोड़ी को भी यहां सफलता मिलते दिखी है। ऐसे में अब सभी को उम्मीद है कि प्रदेश में होने वाले निकाय चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों में समाजवादी पार्टी एक बार फिर दमदार प्रदर्शन करेगी। इसी उम्मीद से अब प्रदेश के छोटे राजनीतिक दल एक बार फिर अखिलेश की 'साइकिल' की सवारी करने की इच्छा जता रहे हैं।

जो छोटे दल विधानसभा चुनाव के खत्म होते ही साइकिल से उतर कर अखिलेश के किनारा काट लिए थे। अब उपचुनाव में पार्टी को मिली सफलता के बाद 2024 को लेकर एक बार फिर साइकिल पर सवारी करने को उतारू हो चले हैं। वैसे भी विधानसभा चुनाव में जिन भीम आर्मी प्रमुख चंद्रेशखर को अखिलेश ने अपने साथ लाने से साफ इनकार कर दिया था, वो ही चंद्रशेखर इन उपचुनाव से पहले अखिलेश और जयंत के गठबंधन का हिस्सा बन गए। अब इसी क्रम में सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर और महान दल के प्रमुख केशव देव मौर्य 2024 के चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार हैं। सवाल ये है कि चंद्रशेखर आजाद के बाद क्या राजभर और मौर्य को भी अखिलेश अपनी 'साइकिल' की सवारी करेंगे या नहीं।



## उपचुनाव में चंद्रशेखर को साथ लाने का मिला फायदा

2022 के विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन में जगह नहीं पाने वाले दलित नेता चंद्रशेखर आजाद को उपचुनाव से एंट्री मिल गई है। खतौली में चंद्रशेखर ने जयंत चौधरी के साथ मिलकर मेहनत की थी और इसका फायदा भी आरएलडी को मिला और बीजेपी यह सीट हार गई। रामपुर में अखिलेश यादव के साथ चंद्रशेखर ने मंच शेयर किया था। अब चंद्रशेखर ने 2024 चुनाव में सपा गठबंधन में शामिल होने की इच्छा भी जाहिर कर दी है, तो जयंत चौधरी की पार्टी पहले से गठबंधन में है। ऐसे में सपा एक बार फिर से मजबूत गठबंधन और सियासी आधार मजबूत करती हुई नजर आ रही है। इसीलिए अब राजभर और केशव देव मौर्य भी एक बार फिर साइकिल की सवारी करने को इच्छुक नजर आ रहे हैं।



## राजभर बोले- शिवपाल कहेंगे तो सुलह कर लेंगे

विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद सपा के घोर विरोधी बने सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर अब एक बार फिर अखिलेश के साथ आने को बेताब हो चले हैं। हालांकि, इस बार उन्होंने शिवपाल के कंधों पर सारा दारोमदार डाल दिया है। राजभर ने कहा कि सपा और सुभासपा का गठबंधन एक बार फिर से हो सकता है। इस पर हमें बात करने में गुरेज नहीं है। उन्होंने कहा कि शिवपाल कहेंगे तो हम अखिलेश से सुलह कर लेंगे। राजभर ने कहा कि शिवपाल यादव गठबंधन के लिए पहल करें। शिवपाल राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। वे कड़ी मेहनत के बाद यहां तक पहुंचे हैं। मुलायम सिंह यादव के साथ शिवपाल ने यूपी के सभी जिलों को मथा है। वे जनता के बीच काम करने वाले समाजवादी नेता हैं। मुलायम के बाद शिवपाल ही हैं जो समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ा सकते हैं।



## महान दल ने सपा को बताया सूबे का प्रमुख विपक्षी दल

उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के बेहतर प्रदर्शन को देखकर एक बार फिर छोटे दलों की भाषा बदलने लगी है। ऐसे में महान दल के अध्यक्ष केशव देव मौर्य ने फिर से समाजवादी पार्टी से गठबंधन करने के संकेत दिए हैं। केशव देव ने सपा को भाजपा का मुकाबला कर पाने वाली पार्टी बताते हुए कहा कि मैं बीजेपी को अखिलेश यादव ही चुनौती दे सकते हैं। अकेले दम पर महान दल



चुनाव लड़कर कुछ नहीं कर सकती है, लेकिन सपा या बसपा के साथ मिलकर हम बड़ा उलटफेर कर सकते हैं। बसपा फिलहाल मुकाबले में नहीं दिख रही है, जबकि सपा ही मुख्य विपक्षी दल के तौर पर है। ऐसे में हमारी पहली पसंद सपा है। केशव मौर्य ने बताया कि मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद वह सैफई गए थे, जहां अखिलेश यादव के साथ उनकी लंबी राजनीतिक मुद्दे पर बातचीत हुई है। इस दौरान अखिलेश ने दोबारा से सपा के साथ आने की बात कही थी। मैनपुरी लोकसभा और रामपुर विधानसभा के उपचुनाव में महान दल ने सपा को समर्थन किया था। महान दल प्रमुख ने कहा कि मैनपुरी में बीजेपी से रघुराज सिंह शाक्य कैंडिडेट होने के बावजूद हमने शाक्य समुदाय के 35 हजार वोट सपा को दिलाने का काम किया है। 2024 के चुनाव के लिए सपा के साथ आने के लिए हम तैयार हैं, जिस पर अखिलेश यादव को फैसला करना है।

# शहरों में 'कमल' खिलाने की तैयारी में भगवा खेमा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में अब प्रदेश की सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। इस बार के निकाय चुनाव में भाजपा पूरी तैयारी के साथ उतरने को तैयार है। क्योंकि उपचुनाव में सपा को मिली सफलता के बाद भाजपा निकाय चुनाव में कोई कोताही नहीं बरतना चाहती है। शायद ये ही वजह है कि इस बार निकाय चुनाव में पार्टी अल्पसंख्यकों को भी टिकट देने में कोई परहेज नहीं करेगी। इसके अलावा पार्टी हर नगर निगम में हो रहे प्रबुद्ध सम्मेलनों के बाद अब शहरी निकाय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। जनसंपर्क व जनसंवाद का व्यापक अभियान चलाया जाएगा। एक सप्ताह में हर क्षेत्र व जिलों में पार्टी की बैठकें होंगी, जिसमें कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की रणनीति तय होगी।

इस चुनाव में भाजपा की प्राथमिकता हर हाल में चुनाव जीतना है। इसलिए प्रदेश भूपेंद्र चौधरी ने पार्टी पदाधिकारियों को भी ये साफ कर दिया है कि टिकट में जिताऊ प्रत्याशियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने इसीलिए कह दिया कि आप सब भी अपने-पराए और सिफारिशी प्रत्याशियों का मोह छोड़कर, उन प्रत्याशियों को आगे लाएं जो हमे चुनाव में सफलता दिला सकेंगे। स्क्रीनिंग कमिटी से ही नाम तय कर प्रदेश को भेजे जाएं। संपर्क, संवाद, समन्वय, सामंजस्य एवं सामूहिकता की नीति पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। हालांकि, कोर्ट द्वारा अधिसूचना जारी करने पर रोक लगाने के बाद, अब भाजपा ने भी प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने में अभी समय रखा है। ताकि जब अधिसूचना जारी हो जाए और आरक्षण की तस्वीर पूरी तरह से बिल्कुल साफ हो जाए, तब ही प्रत्याशियों के नाम पर मुहर लगाई जाए। फिलहाल भाजपा ने इस बार निकाय चुनाव में कोई कोताही न बरतने की रणनीति साफ तौर पर तैयार की है।



## बूथ स्तर से मंडल तक मजबूत बनाया जाएगा संगठन

पार्टी की तरफ से कार्यकर्ताओं को साफतौर पर बोल दिया गया है कि बूथ स्तर से चुनाव की तैयारी की जाए और एक बार मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के कील-कांटे दुरुस्त कर लें। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हमें प्रदेश में अपनी संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करना है। इसलिए, सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति, पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की संरचना को जांच लें। शहरी निकाय के चुनावों के लिए वॉर्ड समिति और बूथ समिति का गठन भी जल्द कर लें। जिससे संपर्क व संवाद के जरिए सरकार-संगठन की बात घर-घर तक पहुंचाई जा सके। हर जिले में प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमिटी बनाई जाएगी। महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व इन निकायों के पार्षद प्रत्याशी स्क्रीनिंग कमिटी की संस्तुति पर तय होंगे। कमिटी में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, वहां के रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, संबंधित निकाय से जुड़े सांसद, विधायक, पूर्व विधायक शामिल होंगे। हालांकि, पदाधिकारियों से साफ कह दिया गया है कि अगर वह अपने लिए टिकट मांग रहे हैं तो वह स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक का हिस्सा नहीं बनेंगे।

## 'मन की बात' की बूथ स्तर पर होगी स्क्रीनिंग

देश में प्रधानमंत्री की मास अपील के बारे में सभी भली-भांति वाकिफ हैं। ऐसे में पीएम मोदी की बात को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर महीने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की जाने वाली मन की बात कार्यक्रम की स्तर तक मॉनिटरिंग और बेहतर होगी। इसके लिए एक ऐप लॉन्च किया गया है। पदाधिकारियों की बैठक में इसका प्रेजेंटेशन भी किया गया। मन की बात कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश से बूथ स्तर तक पदाधिकारी आम जनता के साथ सुनते हैं। इसकी रिपोर्ट भी संगठन को उच्च स्तर पर भेजी जाती है। अब इसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी। कार्यक्रम के समय बूथ अध्यक्ष ऐप से लॉगइन करेंगे और उस पर मन की बात सुनते हुए लाइव फोटो अपलोड करेंगे। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से बोला कि अपनी सहयोगी पार्टियों से भी लगातार समन्वय स्थापित करें। मैनपुरी व खतौली में हुई हार की भी हर स्तर पर गंभीरता से समीक्षा की जाएगी और जो गलतियां हुई हैं उन्हें सुधारा जाएगा।

## मुस्लिमों पर दांव खेलना भी बनी समय की जरूरत

भाजपा इस बार निकाय चुनाव में भी पूरे प्रदेश में भगवा फहराने की रणनीति तैयार कर रही है। इसके लिए पार्टी ने रोडमैप तैयार करना शुरू कर दिया है। खास बात ये है कि इस बार पार्टी हर हाल में चुनाव जीतने के लिए मुस्लिम प्रत्याशियों को भी टिकट थमा सकती है। अल्पसंख्यकों के लिए सीटें चिन्हित कर रही भाजपा इस बार निकाय चुनावों में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रत्याशी भी उतारने की तैयारी कर रही है। इसके लिए वार्डों से लेकर अध्यक्ष पद तक के लिए सीटें चिन्हित की जा रही हैं। पार्टी यह प्रयोग खासतौर से उन मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में करेगी, जहां सामाजिक समीकरण की अनुकूलता न होने के कारण पिछले चुनावों में उसे सफलता नहीं मिली है। दरअसल, भाजपा अभी तक निकाय से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों तक में अल्पसंख्यक खासतौर से मुस्लिम प्रत्याशी उतारने में परहेज करती रही है। मगर इस बार पहला मौका होगा जब भाजपा यह प्रयोग करने जा रही है। दरअसल, पार्टी जोर-शोर से पसमांदा मुस्लिमों को अपने पाले में लाने की मुहिम चला रहा है। इसे आगामी लोकसभा चुनावों के लिए प्रयोग के तौर पर भी देखा जा रहा है। प्रदेश अध्याक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी निकाय चुनाव में अल्पसंख्यक प्रत्याशी भी उतारेगी।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा

> कहते हैं कि इतिहास खुद को दोहराता है। आज मोहनदास करमचंद गांधी नहीं बल्कि 52 वर्षीय राहुल गांधी भारत को जानने के लिए अपने 300 साथियों के साथ निकले हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की तक की लंबी यात्रा को 150 दिनों में पूरा कर लेने के संकल्प के साथ घर से निकला ये युवा गांधी एक आवारा मसीहा की तरह गांव-गांव और घर-घर से होकर गुजर रहा है।

*इंग्लैंड से कानून की शिक्षा पूरी करने के बाद महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका की प्रयोगशाला में सत्य और अहिंसा को लेकर कुछ अनोखे प्रयोग किए थे, उन प्रयोगों के सफल हो जाने के बाद वे भारत आए और किसान राजनीति से जुड़ गए। गांधी ने गोपाल कृष्ण गोखले को अपना राजनितिक गुरू बनाया और उनसे दीक्षा लेकर गुजरात से अपना काम शुरू किया। गांधी में राष्ट्रीय नेतृत्व की क्षमता देखकर गोखले ने उन्हें परामर्श दिया था कि उन्हें भारत की राजनीति में आगे आना है, तो उन्हें सबसे पहले भारत को जानना होगा। लखनऊ में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन में गांधी ने चम्पारण जाने का निश्चय किया। जब सूट-बूट वाले गांधी चम्पारण गए, तो जिस मकान में उन्होंने लोगों ने मिलना चाहा वहां केवल पुरुष ही मिले, महिला नहीं मिलीं। देर के बाद में महिला भी घर से बाहर आई और गांधी से मिली। गांधी ने कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि सास और पतोहू के बीच केवल एक ही धोती है। जो कि पतोहू उसे पहन करखेत में काम करने गई थी। अत: सास बिना कपड़े के घर में बैठी थी। जब पतोहू खेत से वापस आई तो उसकी धोती पहन कर सास बाहर आई और गांधी से मिली।*

*असली भारत के इस रूप ने गांधी की अंतर आत्मा को झकझोर कर रख दिया और उसे अब चम्पारण में ही गांधी मोहनदास से बदलकर महात्मा गांधी बन गए। गांधी ने निर्णय किया कि जब तक भारत के हर आदमी के शरीर पर कपड़ा नहीं आ जाएगा वह केवल एक धोती ही पहनेंगे और पूरी जिंदगी एक धोती में काट दी। इंग्लैंड में जब गांधी की चर्चिल से मुलाकात हुई तो गांधी को देखर वह चकित हुआ और पूछा कि वह नग्न क्यों हैं? गांधी ने जवाब दिया कि अंग्रेजों ने उनका ही नहीं पूरे भारत के शरीर से कपड़ा उतार लिया है। असली भारत को जान लेना और आत्म सम्मान से समझौता न करना यह दो ऐसे अस्त्र थे जिन्होंने गांधी को राष्ट्रीय नेता के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया। कहते हैं कि इतिहास खुद को दोहराता है। आज महत्मा गांधी नहीं बल्कि 52 वर्षीय राहुल गांधी भारत को जानने के लिए अपने 300 साथियों के साथ निकले हैं। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की 3570 किलोमीटर की तक की लंबी यात्रा को 150 दिनों में पूरा कर लेने के संकल्प के साथ घर से निकला ये युवा गांधी एक आवारा मसीहा की तरह गांव-गांव और घर-घर से होकर गुजर रहा है। लोगों के दर्द को साझा कर रहा है। यह शायद पहला अवसर था जब कोई गांधी भारत को जानने के लिए निकला था। भारत की आत्मा को कहां तक गांधी ने समझा यह तो समय बताएगा, लेकिन देश के 130 करोड़ लोगों ने इतिहास को अपनी आंखों से दोहराए जाते देखा। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा मीडिया में भले ही सुर्खियां न बटोर सकी हो लेकिन इसे ही उसकी सफलता भी माना जाना चाहिए। क्योंकि ये तीनों ही निहितार्थों पर तो टिकी ही है। मीडिया की सुर्खियां इसके निहितार्थ को सीमित कर देती हैं।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# सऊदी में चीन की जड़ें सींच आये शी

पुष्परंजन

शी चिनफिंग सऊदी अरब की तीन दिवसीय यात्रा से लौट आये। सऊदी अरब ने 'वन चाइना' सिद्धांत पर मुहर लगा दी है। सऊदी अरब ने मान लिया कि ताइवान चीन का अविभाज्य हिस्सा है। बदले में चीन ने सऊदी अरब के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने का वादा किया है। सऊदी अरब भी शिन्चियांग में उईगुर मुसलमानों पर सितम का सवाल नहीं उठायेगा। अमेरिकी लॉबी का प्रमुख देश सऊदी अरब एक नये समीकरण के साथ चीन से बगलगीर है, जिसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, संयुक्त अरब अमीरात के नेताओं का साथ है। रियाद में चीन-खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की बैठक में इन देशों के सभी शिखर नेता शी के नये रोडमैप से सहमत थे।

इस रोडमैप में ऊर्जा, वित्तीय निवेश, एयरोस्पेस, अधोसंरचना, नई तकनीक को रेखांकित किया गया है। शी ने प्रस्ताव दिया है कि अगले तीन से पांच वर्षों तक इन पांच क्षेत्रों में सहयोग को हम सब मिलकर साकार करेंगे। 'जीसीसी' उस इलाके का अंतरसरकारी आर्थिक संगठन है, जिसमें बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। शी ने कहा कि आने वाले दिनों में जीसीसी देशों से चीन कच्चा तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस का आयात बढ़ाएगा। खाड़ी देशों से यह कारोबार चीनी मुद्रा रनमिनपी (युआन) में हुआ करेगी। डॉलर के विकल्प के रूप में युआन को स्वीकार करा लेना राष्ट्रपति शी का एक बड़ा लक्ष्य था।

चीनी राष्ट्रपति विगत बुधवार को सऊदी अरब पहुंचे। उसके प्रकारांतर चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग और सऊदी किंग सलमान ने कई रणनीतिक सौदों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दिग्गज चीनी टेक कंपनी हुआवेई भी शामिल है। हुआवेई वही कंपनी है, जिसका फाइव-जी नेटवर्क पूरी दुनिया में इस बात के लिए कुख्यात है कि चीनी सेना और अन्य खुफिया एजेंसियां उसे जासूसी के लिए इस्तेमाल करती हैं। हुआवेई पर अमेरिका, ब्रिटेन समेत कई यूरोपीय देशों ने प्रतिबंध लगा रखा है।

चीन और सऊदी अरब के बीच 29.26 अरब डॉलर के उभयपक्षीय समझौते हुए हैं, उसमें ऊर्जा सहयोग सर्वोपरि है। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्री प्रिंस अब्दुल अजीज बिन सलमान ने कहा कि चीन विश्व का सबसे बड़ा एनर्जी कंज्यूमर है, और हमारा देश टॉप ऑयल एक्सपोर्टर है, दोनों मिलकर विश्व भर में तेल बाजार को संतुलित करेंगे। सऊदी ऊर्जा मंत्री के कहे इन शब्दों के निहितार्थ, न सिर्फ अमेरिका, बल्कि रूस भी ढूंढ़ने का प्रयास करेगा। चीन, रियाद की बैठक में यह भी चुग्गा छोड़ गया कि शांघाई कॉरपोरेशन आर्गेनाइजेशन और ब्रिक्स का विस्तार करेंगे, जिसमें इच्छुक अरब देश सदस्य बन सकेंगे।



सवाल यह है कि शी जिस रोडमैप को लेकर खाड़ी देशों में चल रहे हैं, क्या उस पर पुतिन की सहमति है? अमेरिका को नुकसान आने वाले दिनों में यह हो सकता है कि डॉलर की वकअत धीरे-धीरे कम होगी। भारत खाड़ी देशों से तेल व गैस का आयात करता रहा है, युआन की तरह यहां के करेंसी बास्केट में भारतीय रुपये का प्रवेश क्यों नहीं होना चाहिए? 2021-22 में भारत से गल्फ देशों का व्यापार 154.73 डॉलर का रहा है। 2021-22 में जीसीसी देशों से भारत ने 48 अरब डॉलर का कच्चा तेल और एलएनजी-एलपीजी 21 अरब डॉलर का आयात किया था।

2021 में भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रास करेंसी के रूप में युआन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया था। अब भारत सरकार बताए कि रूस समेत दूसरे देशों से आयात के वास्ते पेमेंट में रनमिनपी (युआन) का हम कितना इस्तेमाल कर रहे हैं? यह दीगर है कि युआन भी विनिमय की दृष्टि से डॉलर की तरह रुपये के मुकाबले महंगा होता गया है।

दुनिया भर में सऊदी अरब की छवि यह बनी हुई है कि वह इस्लाम और दीन के मार्ग पर चलने वालों का रक्षक देश है। मगर, चीन के संदर्भ में गहराई से पड़ताल करें, तो लगेगा कि सऊदी अरब सबसे पहले अपना बिजनेस इंटरेस्ट देखता है। चीन आज की तारीख में आधे से अधिक तेल और गैस का आयात होरमुज जलडमरूमध्य से कर रहा है। उसे पर्शियन खाड़ी में कोई पंगा नहीं चाहिए, चुनांचे ईरान, ओमान, यूएई व मुसन्दम प्रशासन से भी शक्ति संतुलन बनाये रखना है। जो लोग सऊदी अरब को इस्लाम का रक्षक मानते हैं, 2019 में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग को भेजे उस प्रस्ताव को पढ़ लेना चाहिए, जिसमें सऊदी अरब समेत 37 देशों ने हस्ताक्षर कर मान लिया था कि शिन्चियांग में उईगुर मुसलमानों पर चीन किसी तरह का जुल्मों-सितम नहीं कर रहा है।

# क्रिप्टोकरेंसी पर ठोस फैसले लेने की जरूरत

डॉ. निशिकांत दुबे



ट्यूलिप मेनिया, जिसे इतिहास के पहले वित्तीय बुलबुले के रूप में भी जाना जाता है, की शुरुआत सत्रहवीं शताब्दी में यूरोप में हुई। कैरोलस क्लूसियस ने 1590 के दशक में लीडन यूनिवर्सिटी के अपने निजी बागीचे में ट्यूलिप की खेती शुरू की, जो धीरे-धीरे पूरे नीदरलैंड में फैल गयी। इसके बाद क्लूसियस ने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा इस रहस्यमयी परिघटना ट्यूलिप विखंडन को समझने में लगा दिया, जिसमें ट्यूलिप फूल की पंखुड़ियां बहुरंगी पैटर्न में बदल जाती हैं।

इस परिघटना के बाद ट्यूलिप की मांग में बेतहाशा वृद्धि हुई। ट्यूलिप को अपने यहां उगाना सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रतीक बन गया। अगर मुद्रास्फीति का हिसाब लगाकर देखा जाए, तो एक समय ट्यूलिप की कीमत पचास हजार से डेढ़ लाख डॉलर के बीच पहुंच गयी थी, ठीक उसी तरह जैसे बिटक्वाइन के दाम बहुत अधिक बढ़ गये थे। हालांकि कई वर्षों बाद यह पता चला कि ट्यूलिप के फूल में दिखने वाली अजीबो-गरीब घटना फूलों को संक्रमित करने वाले वायरस के कारण हुई थी।

उस घटना की तुलना वर्तमान के क्रिप्टोकरेंसी को लेकर दुनियाभर में फैले उन्माद से की जा सकती है। रहस्यमयी सतोशी नाकामोतो द्वारा बिटक्वाइन की शुरुआत के बाद से ही क्रिप्टोकरेंसी की मांग भी बढ़ती गयी है और इसके प्रति लोगों का आकर्षण भी बढ़ा है। तकनीक के वर्तमान दौर में क्रिप्टोकरेंसी को एक विनियमित सत्ता विरोधी मुद्रा के रूप में देखा जाता है, जो लोगों को शक्ति देता है। क्रिप्टो समर्थक यह दावा करते हैं कि मुद्रा का यह स्वरूप मुद्रा की अस्थिरता, मुद्रास्फीति, ब्याज दर और खर्च करने की शक्ति को सत्ता से स्थानांतरित कर लोगों को दे देता है,

जो ब्लॉकचेन तकनीकों के माध्यम से करेंसी का खनन कर सकते हैं। लेकिन यह बात सच्चाई से दूर है। बिटक्वाइन में सीमित सिक्के होते हैं, जिनका खनन (तकनीक से) हो सकता है तथा जैसे-जैसे खनन का काम बढ़ता है, प्रक्रिया कठिन होती जाती है और पर्यावरणीय जटिलताएं बढ़ती जाती है। कैंब्रिज सेंटर फॉर ऑल्टरनेटिव फाइनेंस के एक अध्ययन के अनुसार, 2021 में, जब बिटक्वाइन चरम पर था, तब इसमें लगभग 110 टेरावॉट घंटे बिजली की खपत प्रतिवर्ष हुई थी। यह वैश्विक विद्युत उत्पादन का 0.55 प्रतिशत हिस्सा था और इतनी विद्युत ऊर्जा मलेशिया की पूरी खपत है। वर्तमान ऊर्जा संकट को देखते हुए बिजली की ऐसी बर्बादी असहनीय है। पर यह क्रिप्टो के बुरे प्रभाव का एक उदाहरण है। साल 2009 से इसका इस्तेमाल मुख्य रूप से डार्क व डीप वेब में खरीदारी, हवाला, नशीले पदार्थ, रिश्वत आदि में किया जाता रहा है। तेज डिजिटलीकरण में ट्यूलिप मेनिया की तरह क्रिप्टो बबल भी बढ़ा।

साल 2016 के बाद नयी करेंसियां, क्रिप्टो एक्सचेंज, टोकन आदि आये और इन्हें खूब प्रचारित करने की कोशिश की गयी। भारत में भी इसके निवेशक बढ़ाने के प्रयास हुए, लेकिन लोगों को धीरे-धीरे यह समझ में आने लगा है कि क्रिप्टो कितना खतरनाक है। पिछले साल क्रिप्टो का बाजार मूल्य दो ट्रिलियन घट गया, जो 2021 में तीन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया था। हाल में भारतीय रिजर्व बैंक ने 'डिजिटल रुपी की शुरुआत की है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत उन कुछ पहले ऐसे देशों में है, जो ब्लॉकचेन तकनीक पर आधारित नवाचार और डिजिटल करेंसी को भी बढ़ावा दे रहे हैं और साथ ही आम लोगों को क्रिप्टो मेनिया के प्रति आगाह भी कर रहे हैं। मेरे समेत कई सांसदों ने वर्ष 2017 में भारत में क्रिप्टोकरेंसी पर पाबंदी लगाने की मांग की थी। उसी समय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के साथ वार्ता कर क्रिप्टो के अध्ययन तथा डिजिटल करेंसी जारी करने के लिए एक समिति का गठन किया था। एक व्यवस्था के तौर पर यह समझने में हमारी इस असफलता कि क्रिप्टोकरेंसी एक धोखाधड़ी के अलावा कुछ नहीं है, से लोगों को नुकसान ही होगा। हाल में क्रिप्टो एक्सचेंज एफटीएक्स के डूबने से ऐसे लोग तबाह हुए हैं, जिन्होंने अपनी जमा-पूंजी क्रिप्टो में निवेशित कर दी थी।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के निर्णयों के कारण भारतीय निवेशकों को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा है। वर्ष 2018 में रिजर्व बैंक ने सभी विनियमित संस्थाओं को क्रिप्टो कारोबार में शामिल होने की मनाही कर दी थी, पर सर्वोच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया था। फिर देश में कई क्रिप्टो एक्सचेंज खुल गये। जोखिमों के साथ हमें ऐसी मुद्राओं की पूरी अर्थव्यवस्था और आबादी पर असर के बारे में सोचना चाहिए।

हाल में एम्स के सर्वरों को हैक करने वाले क्रिप्टो में फिरौती मांग रहे थे। वित्तीय बुलबुलों के इतिहास को देखें, तो पाते हैं कि विनियमन के कारण ट्यूलिप मेनिया से लेकर 2008 के वित्तीय संकट तक, जैसे अनेक बुलबुले पैदा होते रहे हैं। विनियमन के किसी भी कानून को अंतरराष्ट्रीय सहयोग से ही प्रभावी रूप से लागू किया जा सकता है। इसमें जोखिमों और लाभों का आकलन तथा सामंजस्यपूर्ण कराधान प्रणाली जैसे पहलू शामिल हैं। क्रिप्टो के नुकसान और खतरे से निपटने के लिए हमें या तो क्रिप्टोकरेंसी का विनियमन करना होगा या इस पर पूरी पाबंदी लगानी होगी।



# स्किन को गंभीर नुकसान पहुंचाता है प्रदूषण



त्वचा हमारे शरीर का सबसे बड़ा अंग है और यह बाहरी एजेंटों से इसे बचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। लेकिन, कई बार वातावरण में मौजूद प्रदूषक हमारी त्वचा में प्रवेश कर कई दिक्कतें पैदा करते हैं। अधिकांश वायु प्रदूषक इतने छोटे होते हैं कि वे त्वचा के छिद्रों में आसानी से प्रवेश कर सकते हैं और कोशिकाओं के बीच में घुस जाते हैं। समय के साथ यह फाइन लाइन्स, पिग्मेंटेशन, संवेदनशीलता के बढ़ने और त्वचा की संरचना के कमज़ोर होने का कारण बनता है। हवा और पानी में मौजूद फ्री-रैडिकल्स हमारी त्वचा को कई तरह से प्रभावित करते हैं, जिसमें समय से पहले झुर्रियां और एक्ने शामिल है। फ्री-रैडिकल्स त्वचा के कोलाजन को नुकसान पहुंचाते हैं और सूजन व जलन की वजह भी बनते हैं। फ्री-रैडिकल्स का सबसे हानिकारक प्रभाव सेल म्यूटेशन और डीएनए क्षति है, जो आखिर में त्वचा कैंसर में बदल सकता है।

## क्लेंजर से त्वचा को करें साफ

टू-स्टेप क्लेंजिंग प्रोसेस के बारे में आपने कई बार सुना होगा, जो त्वचा की सफाई का सही तरीका भी है। सबसे पहले क्लेंजिंग मिल्क या फिर सीरम को मेकअप रिमूवल पैड की मदद से त्वचा पर लगाएं और साफ करें। फिर अपनी स्किन टाइप के हिसाब से क्लेंजर चुनें और उससे मुंह धोएं। इससे त्वचा पर जमी धूल-मिट्टी और प्रदूषक साफ हो जाएंगे।

## स्किन के लिए हाइड्रेशन जरूरी

हेल्दी और खूबसूरत स्किन के लिए हाइड्रेशन सबसे जरूरी है। रोजाना पानी की सही मात्रा के सेवन के साथ, आपको त्वचा पर सही मॉइश्चराइजर का उपयोग भी करना चाहिए। इससे आपकी स्किन पर सुरक्षा की परत बनेगी और प्रदूषक स्किन में प्रवेश नहीं कर पाएंगे।

## जरूर लगाएं सनस्क्रीन

किसी भी बीमारी के इलाज से बेहतर बचाव माना जाता है, यही वजह है कि आपको अपनी त्वचा का ख्याल रोज़ रखना चाहिए। मौसम चाहे कैसा भी हो, रोज़ाना सनस्क्रीन लगाना बेहद ज़रूरी है। यह न सिर्फ स्किन को यूवी किरणों के नुकसान से बचाती है बल्कि त्वचा में हानिकारक कणों के प्रवेश को भी रोकती है।

## एक्सफोलिएट जरूर करें

प्रदूषण के बुरे प्रभावों से बचने के लिए आपको स्किन को एक्सफोलिएट जरूर करना चाहिए। अगर आपको स्क्रब सूट करता है तो रोजाना 10 सेकेंड के लिए उसका उपयोग करें। इसके अलावा आप घर पर भी स्क्रब तैयार कर सकती हैं। अगर स्क्रब से आपकी स्किन इरिटेट हो जाती है, तो आप एक्सफोलिएशन सीरम का इस्तेमाल कर सकती हैं। लेकिन इन सीरम को हफ्ते में दो से ज्यादा बार न लगाएं और इसका इस्तेमाल रात में ही करें। साथ ही अलग दिन सनस्क्रीन लगाना न भूलें।

## एंटीऑक्सीडेंट्स की बढ़ाएं मात्रा



एंटीऑक्सीडेंट्स को आप फूड के माध्यम से ले सकते हैं। फ्री-रैडिकल्स त्वचा को जो नुकसान पहुंचाते हैं, उसे एंटीऑक्सीडेंट्स से मदद से ठीक किया जा सकता है। शरीर में एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा को बढ़ाने के लिए अनार, सिट्रस फलों, ग्रीन-टी, गाजर और बेरीज का सेवन जरूर करें।

## हंसना मना है



एक बार संता जंगल से होकर गुजर रहा था सामने पेड़ पर लटकते सांप को देखकर रुक गया और बोला: सिर्फ लटकने से कुछ नहीं होगा,मम्मी को बोलो कॉम्प्लान पिलाये

एक गरीब आदमी बोला: ऐसी जिंदगी से तो मौत अच्छी! अचानक यमदूत आया और बोला: तुम्हारी जान लेने आया हूँ। आदमी बोला: लो अब गरीब आदमी मजाक भी नही कर सकता?

पापा: कितनी फ्रीक्वेंसी का भूकंप आया था। बेटा: 7.9 का। पापा: अरे वाह बेटा, आजकल तो भूकंप भी तेरे नंबर से ज्यादा आने लगे।

डॉक्टर: आपकी परेशानी व बीमारे का कारण मुझे समझ में नहीं आ रहा है। असल में मैं समझता हुं कि यह नशे की वजह से हैं। मरीज -कोई बात नहीं, जब आपका नशा उतरेगा, तब आ जाऊंगा।

पुत्र: मां मै भी तालाब में तैरना चाहता हुं? मां: नहीं ! बेटा डूब जाओगे। पुत्र: लेकिन पिताजी तो घंटे-भर से तालाब मे तैर रहें है। मां- बेटा तुम्हारे पापा का बीमा हो चुका है।

मेहमान: और बताओ बेटा आगे का क्या प्लान है... बच्चा- बस आपके जाते है बिस्कुट खाउंगा... वैसे भी नमकीन और मेवा तो आपने छोड़ी नहीं है....

## कहानी | खरगोश और चूहा

बहुत समय पहले की बात है किसी जंगल में एक खरगोश अपने परिवार के साथ रहता था। खरगोश जहां रहता था, वहां आसपास बड़े जानवरों की संख्या ज्यादा थी। खरगोश और उसका परिवार हमेशा इस बात से डरे हुए रहते थे कि कोई जानवर आकर उन्हें नुकसान न पहुंचा दे। दूसरे जानवरों का डर उनपर इस कदर हावी था कि उनकी आहट भर सुनकर उनमें से कुछ खरगोशों की डर से मौत हो गई। यह सब देखकर खरगोश बड़ा परेशान रहता था। एक दिन घोड़ों का दल उनके घर के पास से गुजरा। घोड़ों की आवाज सुनकर सभी सहम गए। डर से पूरा दिन कोई बिल से बाहर खाने की तालाश में भी नहीं गया। अपने परिवार को इस हालत में देखकर खरगोश बेहद दुखी हुआ। उसने भगवान को कोसते हुए कहा कि हे भगवान आपने हमें इतना कमजोर क्यों बनाया है। इस तरह जीने का क्या फायदा, जिसमें हर दिन अपनी जान को लेकर डर और भय बना रहता है। तभी सारे खरगोशों ने मिलकर फैसला किया कि हर समय डर और भय के चलते बिल में छुपकर रहने से अच्छा होगा कि सब मिलकर एक साथ अपना जीवन त्याग देते हैं। सभी खरगोश इकट्ठे होकर आत्महत्या करने के लिए नदी की ओर निकल गए। नदी के पास कई सारे चूहों के बिल थे। जब चूहों ने खरगोशों को आते देखा तो वो सभी डर गए और इधर-उधर भागने लगे। कुछ चूहे बिल में घुस गए, तो कुछ नदी में गिरकर मर गए। चारों तरफ अफरातफरी का माहौल था। ये पूरा वाकया देखकर खरगोश दंग रह गए। उन्हें इस बात का यकीन नहीं हो रहा था कि उन्हें देखकर भी किसी में दहशत हो सकती है। अब तक तो वह खुद को ही सबसे कमजोर प्राणी समझते थे और भगवान को दोष देते थे। अब खरगोशों की समझ में आ गया था कि भगवान ने दुनिया में अलग-अलग खासियत के साथ जीव-जन्तु बनाए हैं। जो जैसा है, उसे वैसे ही स्वीकार करना चाहिए। अगर किसी में कमी है, तो उसमें कुछ गुण भी हैं। ये समझने के बाद खरगोश और उसका परिवार घर वापस लौट गए।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**



आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी काम में अपने जीवनसाथी की मदद मिल सकती है। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा। आपकी उलझनें कम हो सकती हैं।

**वृषभ**



आज आपको परिवार में माता-पिता का सहयोग सबसे अधिक मिलेगा। आज का दिन कुछ मिश्रित परिणाम प्रदान करने वाला होगा। अपनी साज-सज्जा का ध्यान रखें।

**मिथुन**



आज का दिन आपके लिए थोड़ा कमजोर रहेगा। जहां एक और दांपत्य जीवन में स्थितियां हाथ से फिसलेंगी तो वहीं लव लाइफ में भी प्रियतम का पारा सातवें आसमान पर हो सकता है।

**कर्क**



आज मित्रों से मेलजोल बढ़ सकता है। संतान से कोई खुशखबरी मिल सकती है। ऑफिस में दिन अच्छा बीतेगा। किसी उच्च अधिकारी का भरपूर सहयोग मिलेगा।

**सिंह**



आज से आपका शुभ समय शुरू हो रहा है। व्यापार में तरक्की होगी और आपको कोई नई डील भी मिल सकती है। आपको परिवार के लोगों से मदद मिलेगी।

**कन्या**



छोटी मगर आनंददायक यात्रा की पूरी संभावना है, जिसमें आपको कुछ नए मित्र बनाने का मौका भी मिल सकता है। प्रेम जीवन के लिए आज का दिन काफी अच्छा है।

**तुला**



आज कार्यों में जल्दबाजी न करें। आज धैर्य और सयंम से काम लें। आज काम के सिलसिले में ज्यादा भागदौड़ हो सकती है। कार्यक्षेत्र में मामूली गलतियों को नजरअंदाज न करें।

**वृश्चिक**



आज आप अपनी दैनिक दिनचर्या में कुछ परिवर्तन करने के लिए यात्रा पर जाने की योजना बनाऐंगे। आज आपके जीवन में खुशियां ही खुशियां होंगी।

**धनु**



आज आपको धन की प्राप्ति भी होगी और खर्चे भी होंगे जिन दोनों के बीच आपको सामंजस्य बनाए रखना होगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी भाग लेने वालों के लिए अच्छा समय है।

**मकर**



आज व्यापार सामान्य लाभ देगा। आज पारिवारिक सुख में वृद्धि हो सकती है। करियर में उतार-चढ़ाव की स्थिति बन सकती है। अधिकारी वर्ग से थोड़ा तनाव उत्पन्न हो सकता है।

**कुम्भ**




आज आप कामकाज में कुछ नया करने की सोच सकते है। आर्थिक स्थिति कुछ हद तक सामान्य रहेगी। आज जीवनसाथी के साथ मनोरंजन स्थलों का आनन्द लिया जा सकता है।

**मीन**



आज आपको अपनी वाणी के प्रति सतर्क रहना होगा, क्योंकि उसकी वजह से कई काम बनते बनते बिगड़ सकते हैं। लव लाइफ में आपको थोड़ा संभल कर रहना होगा।

# फरवरी में रिलीज होगी शाहिद कपूर की फर्जी



**यह कहानी और किरदार मेरी अब तक की हर फिल्म से मेल खाता है : शाहिद**

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर राज निदिमोरु और कृष्णा डीके के निर्देशन में बनने जा रही फर्जी से ओटीटी डेब्यू करने जा रहे हैं। हालांकि, अभी तक इस सीरीज की कहानी को लेकर कोई भी अधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्टर शाहिद कपूर की 'फर्जी' अगले साल फरवरी में स्ट्रीम हो सकती है। इस सीरीज को रिलीज करने की योजना बनाई जा रही है और यह सीरीज साल 2023 की पहली तिमाही से पहले दर्शकों के बीच आने के लिए तैयार है। खबरों की मानें तो इसके प्रीमियर के एक महीने पहले ट्रेलर और अन्य मार्केटिंग एसेट्स आ जाएंगे। बता दें कि इससे पहले,'फर्जी' के लॉन्च पर शाहिद कपूर ने अपने डिजिटल डेब्यू को लेकर मीडिया से बातचीत के दौरान कहा था, हम फिल्मों में जो करते हैं, यह उससे कई ज्यादा अलग है। हालांकि, मैं थोड़ा नर्वस हूं, लेकिन उससे कई ज्यादा उत्साहित भी हूं। मैं शुरुआत से ही कुछ अलग और चुनौतीपूर्ण करना चाहता था। शाहिद बातचीत को जारी रखते हुए कहते हैं, मेरे लिए यह कहानी और यह किरदार मेरी अब तक की हर फिल्म से मेल खाता है। वर्क फ्रंट पर बात करें तो शाहिद कपूर अभिनेत्री कृति सेनन के साथ दिनेश विजान प्रोडक्शन की फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म रोबोट आधारित रोमांटिक कॉमेडी है, जो 2023 के अंत में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा शाहिद कपूर अली अब्बास जफर निर्देशित 'ब्लडी डैडी' भी लाइन अप में है, जो जल्द ही जियो के नए डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रीमियर होगी।

# पहले पढ़ेंगे हेरा-फेरी 3 स्क्रिप्ट, फिर करेंगे काम

डायरेक्टर अनीस बज्मी ने हेरा फेरी 3 डायरेक्ट करने को लेकर एक शर्त रखी है। उन्होंने कहा है कि उस शर्त के पूरा होने के बाद ही वह फिल्म डायरेक्ट करेंगे। साथ ही अनीस बज्मी ने यह भी बताया कि फिरोज नाडियाडवाला ने वेलकम बैक के लिए उनके बकाया पैसे अभी तक नहीं दिए हैं।

इस समय हेरा फेरी 3 को लेकर जो कन्फ्यूजन चल रहा है, उससे फँस ही नहीं बल्कि डायरेक्टर अनीस बज्मी का सिर भी चकराने लगा है। फिल्म को लेकर जिस तरह की रिपोर्ट्स आ रही हैं, उनसे अनीस बज्मी परेशान हैं। कभी खबर आती है कि हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार ही हैं तो कभी कहा जाता है कि कार्तिक आर्यन ने अक्षय को हेरा फेरी 3 में रिप्लेस कर दिया है। एक पल खबर आती है कि हेरा फेरी 3 को अनीस बज्मी डायरेक्ट कर रहे हैं, वहीं दूसरे ही पल इसका भी खंडन हो जाता है। तो फिर आखिर माजरा क्या है? इतना कन्फ्यूजन क्यों है और असलियत क्या है? इससे अब अनीस बज्मी ने पर्दा उठाया है। भूल भुलैया 2 के डायरेक्टर अनीस बज्मी ने बताया है कि वह हेरा फेरी 3 को डायरेक्ट करेंगे या नहीं और असली पेंच कहां फंसा है। अनीस बज्मी ने बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में इस फिल्म को लेकर बात की और पूरा सच बताया। उन्होंने खुलासा किया कि प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने अभी तक उन्हें वेलकम बैक के लिए भी पूरी पेमेंट नहीं दी है। फिरोज नाडियाडवाला पर अनीस बज्मी के पैसे बकाया हैं। अनीस बज्मी ने कहा कि सच यह है कि मैंने फिरोज को हां कह दिया है। चूंकि मैं हेरा फेरी 3 की कहानी नहीं लिख रहा हूं, इसलिए फिरोज नाडियाडवाला किसी और से स्क्रिप्ट लिखवाएंगे। उनके पास फिल्म का आइडिया है। मैं ऑफिशली इस फिल्म में तभी शामिल हो सकता हूं जब स्क्रिप्ट पढ़ लूंगा। अनीस बज्मी स्क्रिप्ट को किंग मानते हैं। उनका कहना है कि राइटिंग किसी भी फिल्म का सबसे अहम हिस्सा है। वेलकम, नो एंट्री, सिंह इज किंग और भूल भुलैया 2 जैसी हिट फिल्में बनाने वाले अनीस बज्मी ने आगे कहा, मेरे लिए राइटिंग किसी भी फिल्म का बेहद जरूरी हिस्सा है। अगर वह सही है और काम कर जाता है तो बाकी सब चीजें अपने आप ठीक हो जाती हैं। अगर स्क्रिप्ट काम नहीं करती तो कुछ काम नहीं करता।




## अनीस बज्मी स्क्रिप्ट को मानते है किंग

अनीस बज्मी स्क्रिप्ट को किंग मानते हैं। उनका कहना है कि राइटिंग किसी भी फिल्म का सबसे अहम हिस्सा है। वेलकम, नो एंट्री, सिंह इज किंग और भूल भुलैया 2 जैसी हिट फिल्में बनाने वाले अनीस बज्मी ने आगे कहा, मेरे लिए राइटिंग किसी भी फिल्म का बेहद जरूरी हिस्सा है। अगर वह सही है और काम कर जाता है तो बाकी सब चीजें अपने आप ठीक हो जाती हैं। अगर स्क्रिप्ट काम नहीं करती तो कुछ काम नहीं करता। इसीलिए मैं कह रहा हूं कि मैं हेरा फेरी 3 पर फाइनल फैसला तभी लूंगा जब स्क्रिप्ट तैयार होगी।

**बॉलीवुड** | **मन की बात**

# बेशर्म रंग पर भड़के मुकेश खन्ना बोले- गुस्ताखी बर्दाश्त नहीं...




शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की आगामी फिल्म पठान के पहले गाने बेशर्म रंग पर इन दिनों खूब विवाद हो रहा है। इस गाने में दीपिका का सेंसुअल अवतार और अभिनेत्री द्वारा पहनी गई भगवा रंग की बिकिनी पर जमकर बवाल हो रहा है। चारों तरफ इस गाने की ही चर्चा हो रही है। राजनीतिक नेताओं से लेकर हिंदू संगठन तक सभी इस गाने का विरोध कर रहे हैं। सभी का कहना है कि भगवा रंग आस्था का प्रतीक है इसलिए इस तरह के कपड़े पहनकर बेशर्म रंग पर डांस करना कबूल नहीं किया जाएगा। देश में चल रहा विरोध प्रदर्शन यहां तक पहुंच गया है कि इसके चलते कई जगहों पर शाहरुख खान का पुतला भी जलाया गया है। अब इस विवाद पर महाभारत के भीष्म पितामह उर्फ मुकेश खन्ना का रिएक्शन भी सामने आ गया है। समय-समय पर बॉलीवुड की गलतियां गिनाने वाले दिग्गज अभिनेता मुकेश खन्ना एक बार फिर इंडस्ट्री पर भड़क उठे हैं। इस बार वजह बेशर्म रंग है। पायल रोहतगी, शर्लिन चोपड़ा के बाद अब मुकेश खन्ना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के गाने पर उनकी क्लास लगाते नजर आए हैं। अभिनेता ने पठान के पहले गाने को अश्लील करार दिया है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में मुकेश खन्ना बेशर्म रंग पर जमकर भड़के और बोले, आज कल के बच्चे टीवी और फिल्म देख कर बड़े हो रहे हैं। इसलिए सेंसर बोर्ड को ऐसे गानों को पास नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही मुकेश खन्ना ने सेंसर बोर्ड पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि वह कोई सुप्रीम कोर्ट नहीं है, जिसका विरोध नहीं किया जाना चाहिए। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए मुकेश खन्ना ने कहा कि हमारा देश कोई स्पेन नहीं बन गया, जो इस तरह गाने लाए जाए।

**अजब-गजब** | **पानी के अंदर बसता है पूरा गांव**

# 200 फीट गहरे समंदर में करते हैं खेती



जिस तरह से हम जमीन पर बड़ी आसानी से रहते हैं, उसी तरह समंदर के भीतर भी एक दुनिया है। हम पानी में कुछ सेकेंड या एक मिनट के लिए सांस रोक सकते हैं। लेकिन क्या आपने ऐसे किसानों के बारे में सुना है, जो समंदर के अंदर खेती करते हैं। ये अजूबे इंसान बिना किसी ऑक्सीजन सिलेंडर के समुद्र में 200 फीट की गहराई में अपना जीवन यापन करते हैं। ये पानी में 5 से 13 मिनट तक आसानी से अंदर रह सकते हैं। इस जनजाति को दुनिया बजाऊ समुदाय कहकर पुकारती है। उनके लिए चमचमाती सड़कें, इंटरनेट, मोबाइल जैसी मॉडर्न चीजों का कोई मतलब नहीं है।

ये आज भी बरसों पुराने तरीके से अपना गुजर-बसर कर रहे हैं। ये लोग गहरे समुद्र में आसानी से रहते हैं। इनकी डाइविंग भी कमाल की है। इनकी पीठ पर कोई ऑक्सीजन सिलेंडर भी नहीं होता है। बजाऊ समुदाय के लोग मूल रूप से फिलीपींस के आसपास के इलाकों में समुद्र में रहते हैं। ये जमीन पर बहुत ही कम दिखते हैं। लोग इन्हें समुद्र के बंजारे भी कहते हैं। इनके पास किसी देश की राष्ट्रीयता नहीं है। शादी के समय ये काफी चमक-धमक वाले कपड़े पहनते हैं, बाकी समय तो ऐसे ही रहना है। इस समुदाय के पानी में रहने के पीछे भी एक कहानी है। ऐसा कहा जाता है कि फिलीपींस के बजाऊ समुदाय के लोगों को बैन कर दिया गया था, यानी इन्हें जमीन से बेदखल कर दिया गया था। इसके बाद इन्होंने बरसों पहले समुद्र पर ही गांव बसा लिया। ये मलेशिया और इंडोनेशिया के तटों पर भी बांस के बने खंभों के सहारे खड़े घरों में पाए जाते हैं। कुछ लोग नावों पर ही जीवन गुजारते हैं। ये लोग अपने बच्चों को नाव चलाने और मछली पकड़ने का करतब सीखने पर ही पूरा जोर देते हैं। यहां छोटी उम्र में ही बच्चों को प्रशिक्षित कर दिया जाता है। इनमें पानी के अंदर में देखने की अद्भुत क्षमता विकसित हो जाती है। वे गहरे पानी में उतरकर अपनी आंखों से अच्छे से देखकर शिकार करते हैं। इस जनजाति के बच्चे जब समंदर में तैरते हैं तो आंखें बिल्कुल खुली रहती है। ये छोटी डॉल्फिन की तरह दिखते हैं। इन बच्चों का ज्यादातर समय समंदर की गहराइयों में भोजन की तलाश करते ही बीतता है। मछली पकड़ने के लिए ये आज भी भाले का इस्तेमाल करते हैं।

समुद्र में मछली पकड़ना, सी-फूड का इंतजाम करना ही बजाउ समुदाय के लिए खेती करना है। घंटों पानी के अंदर रहकर ये लोग भाले की मदद से मछलियां पकड़ते हैं।


# सैकड़ों साल से वीरान आइलैंड पर बनी हैं एक जैसी मूर्तियां



हमारी पृथ्वी लाखों-करोड़ों रहस्यमयी चीजों और स्थानों से भरी हुई है। इनमें से इंसान कुछ को तो पता लगा चुका है लेकिन अभी भी कुछ ऐसे रहस्य हैं जिनके बारे में आज तक कोई पता नहीं लगा पाया। आज हम आपको एक ऐसे ही रहस्य के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे जानकर आप हैरान रह जाएंगे। दरअसल, हम बात कर रहे हैं दक्षिण अमेरिका में एंडीज पर्वत और प्रशांत महासागर के बीच स्थित देश चिली की। जहां एक वीरान आइलैंड है। जहां करीब नौ सौ रहस्यमय मूर्तियां सदियों से स्थापित हैं। जिनके बनने के बारे में तमाम तरह की बातें की जाती हैं कि उन मूर्तियों को यहां क्यों बनाया गया। इस रहस्य से अभी तक रहस्य का पर्दा नहीं हटा है। इस आइलैंड का नाम है ईस्टर आइलैंड है। इस आइलैंड पर स्थापित मूर्तियों को मोई नाम से जाना जाता है। ये मूर्तियां लगभग 100 टन वजनी और 30-40 फीट लंबी हैं और सबसे खास बात कि ये देखने में लगभग एक जैसी ही लगती हैं। ऐसा लगता है जैसे सभी को एक ही सांचे में ढाला गया हो। लेकिन एक जैसी इन मूर्तियों का बनाने का क्या रहस्य रहा होगा कोई नहीं जानता। ऐसा माना जाता है कि पत्थर की ये मूर्तियां इतनी मजबूत हैं कि हथौड़े से तोड़ने के बावजूद इनमें छोटी-मोटी खरोंच के अलावा कोई खास नुकसान नहीं पहुंचता। इसके अलावा यहां की मूर्तियों को लेकर ये सवाल भी पैदा होता रहा है कि इस आइलैंड पर जब मानव के रहने के कोई निशान नहीं मिले हैं तो आखिर ये मूर्तियां यहां आई कैसे। यही नहीं सैकड़ों की संख्या में मौजूद इन मूर्तियों के बारे में जानकर हर कोई हैरान रह जाता है।

# गुजरात में 'आप' ने बिगाड़ा खेल वरना भाजपा को हरा देते : राहुल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**जयपुर। राहुल गांधी ने गुजरात में कांग्रेस की हार की वजह आम आदमी पार्टी को बताई है। उन्होंने कहा कि अगर गुजरात में क्रनहीं होती तो कांग्रेस बीजेपी को हरा देती। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने शुक्रवार को 100 दिन पूरे किए, जिसके बाद राजस्थान की राजधानी जयपुर में उन्होंने अशोक गहलोत के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की।**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि अगर आप को प्रॉक्सी के रूप में नहीं रखा गया होता और कांग्रेस पार्टी को निशाना बनाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं किया गया होता, तो हम शायद वहां भी भाजपा को हरा देते। बता दें कि गुजरात चुनाव में कांग्रेस को केवल 17 सीटें मिलीं, जबकि आप ने 5 सीटें जीतीं। वहीं बीजेपी ने निर्णायक रूप से 156 सीटों के साथ चुनाव जीता।

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत को लेकर भी राहुल ने कहा कि वहां बीजेपी ने अपनी पूरी सांगठनिक क्षमता का इस्तेमाल किया, लेकिन हमने उन्हें हरा दिया। उन्होंने आगे कहा कि स्पष्ट रूप से गुजरात में अगर आप को प्रॉक्सी के रूप में नहीं रखा गया होता और कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं किया गया होता, तो हम वहां भी बीजेपी को हरा देते। गुजरात में हाल ही में विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने क्लीन स्वीप किया। बीजेपी को 182 में से 156 सीटें मिलीं, जबकि कांग्रेस ने 16 और आम आदमी पार्टी ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की।

## बीजेपी देश में फैला रही नफरत

राहुल गांधी ने दावा किया कि बीजेपी देश में नफरत फैला रही है, लेकिन भाईचारा और प्यार कायम रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा ने उन्हें देश में भाईचारे की याद दिलाई, जिसे हाल के दिनों में खोया हुआ माना था। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन कांग्रेस गहराई से समझ जाएगी कि वह कौन है और किसके लिए खड़ी है, वह हर चुनाव जीत जाएगी।

## पिछले चुनाव में बुरी तरह हारी थी आप

आप ने 2017 का गुजरात चुनाव भी लड़ा था, लेकिन उसके सभी 39 उम्मीदवार बुरी तरह हार गए थे। भाजपा जीत गई। गुजरात में बीजेपी साल 1995 से जीतती आ रही है, लेकिन पिछली बार कांग्रेस के साथ उसका कड़ा मुकाबला था। इस बार कुछ चुनाव विशेषज्ञों ने गुजरात में आप के बेहतर प्रदर्शन को कांग्रेस की हार का कारण बताया है, लेकिन यह भी याद नहीं किया जाना चाहिए कि आप ने अपने नरम-हिंदुत्व तेवर के साथ, भाजपा के कुछ वोटों में भी कटौती की।

# बेअदबी के दोषियों को मिले बड़ी सजा : राघव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने राज्यसभा में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामलों में सजा के प्रावधान में संशोधन का मुद्दा उठाया है। राघव चड्ढा ने राज्यसभा में बेअदबी करने वालों को कड़ी सजा देने की मांग उठाते हुए कहा कि बेअदबी के दोषियों को उम्रकैद या उससे भी बड़ी सजा मिलनी चाहिए।**

आप सांसद राघव चड्ढा ने गुरु साहिबान की बेअदबी करने वालों को कड़ी सजा दिलाने को लेकर कानून मजबूत करने के लिए संसद में शुक्रवार को स्थगन प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा, हमारे लिए गुरु साहिबान के आदर सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है, सीस कटा सकते हैं लेकिन बेअदबी बर्दाश्त नहीं कर सकते। राघव चड्ढा ने स्थगन नोटिस में लिखा, यह एक ऐसा मुद्दा है, जिसकी वजह से दुनियाभर में रह रहे पंजाबियों में एक गुस्सा है। हमारे लिए गुरु साहिबान के आदर सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं है। गुरु साहिबान और गुरु साहिबान की वाणी की बेअदबी कभी बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। आप सांसद ने कहा, पिछले कुछ सालों में कई बार असामाजिक तत्वों ने बेअदबी की कोशिशें की हैं, लेकिन इस अपराध के लिए पहले से तय सजा बहुत कम है। अब इस कानून में संशोधन करने की शीघ्र जरूरत है। ताकि बेअदबी करने वालों को उम्रकैद या कड़ी सजा दी जा सके। इस पर सदन को विचार करना चाहिए।

# गीता में संदेश : क्रोध से भ्रम और भ्रम से बुद्धि होती है व्यग्र : डॉ. समीर त्रिपाठी

### » मेधज ग्रुप में संगीतमय श्रीमद्भगवद्गीता का हुआ विमोचन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**लखनऊ। मेधज ग्रुप के संस्थापक डॉ. समीर त्रिपाठी द्वारा संगीतमय श्रीमद्भगवद्गीता का विमोचन शक्रवार को परम पूज्य अनंतश्रीविभूषित जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिषिपिथाधिस्वर बद्रिकाश्रम स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के द्वारा मेधज ऑस्ट्रो यूट्यूब चैनल पर किया गया। विमोचन कार्यक्रम विभूति खंड गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया गया।**

इस संदीतमय श्रीमद्भगवद्गीता को डॉ. समीर त्रिपाठी ने अपनी आवाज से सजाया है और सुधेश खरे एवं ओमप्रकाश प्रसाद ने इसमें संगीत दिया है। कार्यक्रम में अनंतश्रीविभूषित जगतगुरु शंकराचार्य ज्योतिषिपिथाधिस्वर बद्रिकाश्रम स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने जीवन मूल्यों, आत्म-प्रबंधन, आंतरिक शक्तियों, रिश्तों में सामंजस्य, आत्म-सशक्तिकरण, आत्म-अनुशासन, आध्यात्मिकता और जीवन जीने की कला पर एवं अध्यातम के प्रति जागरूपता व आशीषवचन दिए। सरस्वती महाराज ने कहा कि डॉ. समीर त्रिपाठी समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं, जो समाज में धर्म के प्रति अपनी जिम्मेदारी कुशल और सराहनीय तरीके से निर्वाह कर रहें है। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि गीता में लिखा है क्रोध से भ्रम पैदा होता है, भ्रम से बुद्धि व्यग्र होती है। जब बुद्धि व्यग्र होती है, तब तर्क नष्ट हो जाता है और जब तर्क मरता है, तो मनुष्य का विवेक नष्ट हो जाता है और उसका पतन शुरू हो जाता है। कार्यक्रम में मेधज ग्रुप कंपनी के संस्थापक डॉ. समीर त्रिपाठी, माता रेखा त्रिपाठी, अनुज गुंजन त्रिपाठी एवं पवन पाण्डेय उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में 'क्लब फुट स्किल लैब' की हुई स्थापना

### » बाल चिकित्सा हड्डी रोग विभाग में क्लबफुट रोगियों को मिलेगा बेहतर इलाज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**लखनऊ। शहर के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के बाल चिकित्सा हड्डी रोग विभाग में क्लबफुट के उपचार में प्रशिक्षण के लिए एक कौशल प्रयोगशाला की स्थापना की गई। यहां बाल चिकित्सा हड्डी रोग विभाग क्लबफुट रोगियों के लिए गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान कर रहा है।**

बता दें कि शहर का केजीएमयू भारत का एक मात्र चिकित्सा विश्वविद्यालय है, जिसके पास पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स का एक स्वतंत्र सुपरस्पेशियलिटी विभाग है। यह बच्चों की हड्डी और मस्कुलोस्केलेटल समस्याओं के उपचार के लिए समर्पित है। इस विभाग में वर्ष 2022 में एनएमसी से अनुमति मिलने के बाद एमसीएच का संचालन पीडियाट्रिक ऑर्थोपेडिक्स से किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रशिक्षु डॉक्टरों, प्रैक्टिसिंग ऑर्थोपेडिक सर्जनों और सहायक कर्मचारियों को पोंसेटी पद्धति पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। क्लब फुट एक जन्मजात विसंगति है, जो बच्चे के पैर को प्रभावित करती है। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. बिपिन पुरी (कुलपति), संतोष जॉर्ज (निदेशक, सीआईआईटी), डॉ. आरके गर्ग (प्रभारी एमओयू सेल), डॉ. विकास वर्मा (एचओडी), डॉ. शकील अहमद, डॉ. सुरेश चंद, डॉ. सैयद फैसल, और मिस स्मृति इस हस्ताक्षर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# भारत जोड़ो से राहुल का कांग्रेसियों को भी संदेश?

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




**लखनऊ। कांग्रेस की महात्वाकांक्षी भारत जोड़ो यात्रा को आज 100 दिन पूरे हो गए हैं। यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी बार-बार दुहरा चुके हैं कि उनका मार्च भय और घृणा के खिलाफ खड़ा होना था। भारत जोड़ो यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इसने लोगों से जुड़े मुद्दों को उजागर किया जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी कांग्रेसियों को भी संदेश दे रहे हैं? वरिष्ठ पत्रकार, अनिल सिन्हा, विवेक देशपांडे, अमिताभ श्रीवास्तव, राजनैतिक विश्लेषक, डॉ. सीपी राय, मीनू जैन के साथ अभिषेक कुमार की लम्बी चर्चा हुई।**

विवेक देशपांडे ने कहा, ये जो उत्सव बना हुआ है राहुल के भारत जोड़ो यात्रा से मैंने देखा है जिस तरह से लोगों में उत्साह है। अगर कोई पॉलिटिकल पार्टी इस तरह की यात्रा निकाले तो यह कहना गलत नहीं होगा कि उसका कोई राजनीतिक फायदा उसे नहीं चाहिए।

परिचर्चा
रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा, यह तो राहुल को तय करना है वह संत होने की राह में निकले हैं, यह तो वह एक परिपक्व राजनीतिज्ञ बनने निकले हैं, आत्म शुद्धि का तरीका एक यह भी होता है। आप जिस काम को करने निकले उसमें अपने आपको इतना डुबो दें और जो सुधारने के तरीके होते हैं उसकी तरफ जाएं।

डॉ. सीपी राय ने कहा, पहली बात तो यह यात्रा कहीं से गैर राजनीतिक नहीं है। यह यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर तक जा रही है। राहुल कहीं विदेश नहीं जा रहे हैं वह चार-पांच दिन के ब्रेक के लिए दिल्ली में रुकेंगे। कुछ ठंड इलाकों में उनको जाना है इसलिए उसकी व्यवस्था के लिए चार-पांच दिन वह दिल्ली में रहेंगे उसके बाद फिर यात्रा के लिए निकलेंगे।

मीनू जैन ने कहा, राहुल को कहते हैं लीडिंग बाइ एग्जांपल वह खुद अपने आप एक एग्जांपल प्रस्तुत कर रहे हैं। अपने कार्यकर्ताओं के सामने और जनता के सामने खुद को साबित किया है।

अनिल सिन्हा ने कहा, मैं इसका जवाब दूसरे तरीके से दूंगा एक तो यह है कि जो अभी 100 दिन पूरे हुए हैं 28 किलोमीटर लगभग 80 प्रतिशत यात्रा पूरी कर ली हैं। लेकिन जो राहुल गांधी की यात्रा है इससे तो तय है कि 2024 में कुछ ना कुछ तो फर्क पड़ेगा जरूर।



# प्रयागराज में स्कूली बस पलटी हादसे में गई दो बच्चों की जान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

प्रयागराज। प्रयागराज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ। बच्चों से भरी एक स्कूल बस बेकाबू होकर पलट गई है। हंडिया कोतवाली के सैदाबाद में भेस्की गांव के पास स्कूल बस पलट जाने से दो बच्चों की मौत हो गई जबकि दर्जन भर घायल हो गए हैं। बच्चों की चीख पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें वाहन से बाहर निकाला। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार स्थानीय चिकित्सालय में कराया गया।

**75 बच्चे सवार थे बस में**

बताया जाता है कि जौनपुर के परमालपुर स्थित श्रीमती कांति देवी जनता विद्यालय के बच्चों को लेकर स्कूल बस टूर पर प्रतापगढ़ में मनगढ़धाम और आनंद भवन के लिए शनिवार सुबह रवाना हुई थी। जिसमें 35 लड़कियां 40 लड़के यानि कि 75 बच्चे सवार थे।

स्कूली बच्चों को लेकर जा रही बस सुबह करीब 10 बजे प्रयागराज वाराणसी मार्ग पर हंडिया के भेस्की गांव के पास पहुंची तभी बाइक सवार दो युवकों को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बस पलट गई। तेज रफ्तार में बस पलटने से बच्चों की चीख-पुकार मची तो आसपास के ग्रामीण दौड़कर वहां पहुंचे। घटना की सूचना पर हंडिया थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंची। बस में फंसे बच्चों को बाहर निकाला गया।



## बाइक को बचाने में हुआ बड़ा हादसा

सैदाबाद के भेस्की गांव के पास बच्चों से भरी स्कूल बस एक बाइक को बचाने के चक्कर में पलट गई। घटना सुबह साढ़े नौ बजे के करीब हुई। जौनपुर के श्रीमती कांति देवी जनता विद्यालय परमानपुर भर्तीपुर के बच्चों की बस शैक्षिक भ्रमण के लिए मनगढ़ प्रतापगढ़ जा रही थी।

## 11 घायल बच्चे हॉस्पिटल में भर्ती

11 घायल बच्चों को हंडिया कस्बा स्थित देवराज हॉस्पिटल ले जाया गया। बस की चपेट में आने से घायल बाइक सवार को भी अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने बताया कि बस पलटने से दो स्कूली छात्रों की मौत हो गई है। उनके परिवार के लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## छुट्टा जानवर के कार से टकराने पर तीन की मौत

उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया है। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हुई है। बस्ती जिले में हाईवे के गड़हा गौतम के पास बस्ती-अयोध्या लेन पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। देर रात एक बजे छुट्टा जानवर से टकराकर कार बेकाबू होकर पेड़ टकराने के बाद पलट गई। घटना में कार चालक समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। कार में चार लोग सवार थे। अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में ले लिया है। मृतकों की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ‘कू’ का हैंडल ट्विटर ने हटाया



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने अपने प्रतिद्वंद्वी प्लेटफॉर्म कू के ट्विटर हैंडल को सस्पेंड कर दिया है। बताया गया है कि ट्विटर की तरफ से कू का हैंडल @kooeminence को सस्पेंड कर दिया गया। इससे पहले ट्विटर की तरफ से बीते कुछ दिनों में न्यूयॉर्क टाइम्स, सीएनएन से लेकर वॉशिंगटन पोस्ट तक के कई बड़े पत्रकारों के ट्विटर हैंडलों को निलंबित करने की खबरें सामने आई थीं। इन्हें लेकर एलन मस्क ने ट्विटर पर एक पोल भी कराया था।

ट्विटर की इस हरकत पर कू के सह-संस्थापक मयंक बिदवतका का ट्वीट भी सामने आया। उन्होंने कहा, मैं भूल गया था। यहां और भी हैं! मैस्टोडॉन का अकाउंट प्रतिबंधित हो गया। ट्विटर मैस्टोडॉन के लिंक्स को प्लेटफॉर्म पर नहीं आने दे रहा, यह कह कर कि वे असुरक्षित हैं। अब इसके बाद कू का ट्विटर हैंडल भी सस्पेंड। उन्होंने मस्क पर तंज कसते हुए कहा, मतलब आखिर इस आदमी को कितना नियंत्रण हासिल करना है? इसे लेकर कई यूजर्स ने ट्विटर की आलोचना भी की है।

गौरतलब है कि मैस्टोडॉन सोशल मीडिया पर ट्विटर का सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी है। मस्क की ओर से हालिया दिनों में पत्रकारों पर लगाए गए निजी जानकारी लीक करने के आरोपों पर भी मयंक ने ट्वीट किया। उन्होंने कहा, अगर पहले से मौजूद जानकारी को पोस्ट करना गलत नहीं है। आखिर संदेशवाहक को क्यों खत्म करना चाहते हैं? जिन पत्रकारों ने ऑनलाइन लेख पोस्ट किए, वे गलत कामों में नहीं शामिल थे। बिदवतका ने कहा, ट्विटर ने बीते हफ्ते और भी ऐसी कई चीजें की हैं, जो लोकतांत्रिक नहीं हैं। लोगों को आवाज उठानी होगी। इसके अलावा उन्होंने एलन मस्क के ट्विटर स्पेसेज बंद करने के फैसले की भी आलोचना की।

फोटो :4 पीएम



**स्थापना दिवस** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएसी स्थापना दिवस के अवसर पर पीएसी मुख्यालय पर कार्यक्रम में शिरकत कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया।

# प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाई के लिए खर्च करने होंगे और अधिक पैसे

» अगले शैक्षिक सत्र से 12 प्रतिशत तक फीस बढ़ाने का हुआ फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में अब प्राइवेट स्कूल में शिक्षा और भी महंगी हो जाएगी। जिससे अभिभावकों की जेब पर अगले सत्र से बोझ बढ़ना तय है। अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन ने बैठक कर नर्सरी से 12वीं तक की फीस में 12 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोत्तरी करने का फैसला लिया है। स्कूल अपने हिसाब से इस सीमा तक फीस बढ़ा सकते हैं।

एसोसिएशन के अनुसार उत्तर प्रदेश शुल्क विनियमन अधिनियम 2018 के तय फॉर्मूले के अनुसार ही फीस वृद्धि की जा रही है। इसमें निजी स्कूलों में वार्षिक कंपोजिट फीस में कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) का औसत और पांच प्रतिशत फीस वृद्धि को जोड़कर शुल्क बढ़ाया जा सकता है। इस शैक्षिक सत्र के लिए सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से सीपीआई का औसत 6.69 प्रतिशत है। अधिनियम के अनुसार इसमें पांच प्रतिशत जोड़कर 11.69 प्रतिशत तक फीस बढ़ाई जा सकती है। अनएडेड प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन के तहत 250 स्कूल हैं। इसके अलावा जिले में प्राइवेट स्कूलों की संख्या एक हजार के करीब है।

## अवारा पशुओं के मुद्दे पर भाजपा को घेरेगी रालोद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




मेरठ। निकाय चुनाव में बीजेपी की घेराबंदी के लिए आरएलडी-सपा गठबंधन फसलों की बर्बादी और लोगों की जान का दुश्मन बनते जा रहे आवारा पशुओं के मुद्दे पर भाजपा को घेरेगा। आरएलडी पश्चिमी यूपी में बड़ा आंदोलन करने की तैयारी में है।

महंगाई और बेरोजगारी के साथ आवारा पशुओं का मुद्दा भी बड़ा है। जो नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की मुश्किलें बढ़ा सकता है। हर गांव में बढ़ती बेसहारा पशुओं की तादात न सिर्फ किसानों की चिंता बढ़ा रही है, बल्कि लोगों का गुस्सा भी बढ रहा है।

# रेत माफिया की लड़ाई में केंद्र व ममता सरकार आमने-सामने

मार्च माह में एक रेत माफिया की हत्या के बाद हुआ था बवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

बीरभूम। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले के बागतुई गांव के रेत माफिया की लड़ाई अब ममता सरकार और केंद्र के लिए नाक की लड़ाई में तब्दील हो चुकी है। इस लड़ाई में सीआईडी और सीबीआई आमने-सामने हैं। ये सब 21 मार्च 2022 को इलाके के एक रेत माफिया की हत्या से शुरू हुआ। एक घंटे बाद ही पूरा गांव जल उठा। भीड़ ने कई घरों के गेट बंद कर आग लगा दी। अगले दिन इन घरों से महिलाओं और बच्चों समेत 7 लोगों के जले हुए शव मिले। तीन लोगों की बाद में हॉस्पिटल में मौत हुई।



ये कहानी बागतुई के रेत माफिया गैंग्स की है। इसमें तीन किरदार हैं। एक भादू शेख, जिसकी 21 मार्च को हत्या हुई। दूसरा भादू का सौतेलो भाई जहांगीर, जिसे हिंसा का मास्टरमाइंड बताया गया। तीसरा जहांगीर का मददगार लालन शेख। तीनों में अब सिर्फ जहांगीर जिंदा है। लालन शेख की 12 दिसंबर को सीबीआई की कस्टडी में मौत हो गई।

हिंसा के बाद इस मामले में बीजेपी की एंट्री हुई और हाईकोर्ट के आदेश के बाद ये केस सीबीआई के पास चला गया।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।